QHD

June - Examination 2018

B.A./B.Com./BSc / BSW Examination

General Hindi

सामान्य हिंदी

Paper - QHD

Time : 3 Hours] **[Max. Marks :- 100**

निर्देश : इस प्रश्न–पत्र के तीन खण्ड हैं – 'अ', 'ब' और 'स'। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड – अ **10 × 2 = 20**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं। उत्तर को एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम 30 शब्दों में सीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है।

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(i) 'प्रेमसागर' खड़ी बोली हिन्दी की प्रारम्भिक रचनाओं में से एक है। इसके रचनाकार कौन हैं?

(ii) 'मयूर' का तद्भव शब्द क्या होगा?

(iii) हिन्दी में संकर शब्द किसे कहते हैं?

(iv) दक्षिण अफ्रीका मे 'हिन्दी' के लिए क्या शब्द प्रयुक्त किया जाता है?

(v) पहला विश्व हिन्दी सम्मेलन कब और कहाँ हुआ था?

(vi) 'पृथ्वी' शब्द के दो पर्यायवाथी शब्द लिखिए।

(vii) वाक्यांश सूचक शब्द लिखिए ।

(क) जिसके विषय में कुछ न कहा जा सके।

(viii) निम्न अशुद्ध शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए।

(क) मैथली (ख) अनुग्रहित

(ix) 'कमर कसना' मुहावरे का अर्थ बताते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(x) 'निबन्ध' शब्द की परिभाषा लिखिए।

खण्ड – ब **4 × 10 = 40**

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। अपने उत्तर को अधिकतम 200 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 10 अंकों का है।

2) निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

अब तोहिं जान न दैहूँ राम पियारे
ज्यूँ भावे लूँ होइ हमारे।
बहुत दिनन के बिछुरे हरि पाये,
भाग बड़े घर बैठे आये।
चरननि लागि करौं बरियाई,
प्रेम–प्रीति राखौं उरझाई।
इतन मन–मंदिर रहौं नित चौषे,
कहै कबीर परहु मति धौषे।

3) निम्न पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए –

''अवधेस के द्वारे सकारे गई,
सुत गोद कै भूपति लै निकसे।
अवलोकि हौं सोच–विमोचन को
ठगी–सी रही, जे न ठगे धिक से।
''तुलसी'' मनरंजन रंजित अंजन,
नैन सु–खंजन जातक से।
सजनी ससि में समसील उभै।
नवनील सरारुह से विकसै।।''

4) निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

''इतना जल! इतनी शीतलता! हृदय की प्यास न बुझी। पी सकूँगी? नहीं! तो जैसे बेला से चोट खाकर सिन्धु चिल्ला उठता है, उसी के समान रोदन करूँ? या जलते हुए स्वर्ण गोलक सदृश अनन्त में डूब कर बुझ जाऊँ।''

5) मीराँबाई की कृष्ण के प्रति भक्तिभावना को स्पष्ट कीजिए।

6) 'आकाशदीप' कहानी किसने लिखी? इस कहानी की प्रमुख पात्र 'चम्पा' के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए।

7) गीतिकाव्य के स्वरूप को स्पष्ट करनेवाले तत्वों का उल्लेख कीजिए।

8) 'सच्ची वीरता' निबन्ध में सच्ची वीरता किसे कहा गया है? सच्चे वीरों की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

9) संस्मरण 'सुभद्रा' में सुभद्रा के चरित्र की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

खण्ड – स $2 \times 20 = 40$

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : निम्न में किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर को अधिकतम 500 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 20 अंकों का है।

10) तुलसीदास के काव्य की पृष्ठभूमि बताते हुए उनकी भक्तिभावना का वर्णन कीजिए।

11) जयशंकर के जीवन–परिचय का संक्षिप्त में उल्लेख करते हुए उनके काव्य के भाव पक्ष एवं कला पक्ष का विवेचन कीजिए।

12) निम्नलिखित पत्र लिखिए (प्रत्येक 10 अंक का)
   (क) अपने मित्र की सफलता पर बधाई पत्र।
   (ख) आपके मोहल्ले में कचरे के ढेर की शिकायत हेतु नगरपालिका को पत्र।

13) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए।
   (क) आरक्षण की व्यवस्था और उसके प्रभाव
   (ख) भारत में नारी
   (ग) मेरा प्रिय त्यौहार
   (घ) खेल जगत में भारत